बल की कमी ▶ बल की कमी से जूझती पुलिस : 539 बल पड़ा रिक्त, 3,803 स्वीकृत, 3,265 की तैनाती

# बाहरी फोर्स के भरोसे कब तक चलेगी जिले की खाकी?

**नवभारत, जबलपुर।** देश भक्ति और जनसेवा के साथ नागरिकों को सुरक्षा का अहसास कराने का दम भरने वाली जिला पुलिस खुद लाचारी के आंसू रो रही है। कागजों पर ही सिर्फ कानून-व्यवस्था का चाक-चौबंद दावा है। आंकड़ों पर अगर नजर दौड़ाई जाएं तो 3,803 का फोर्स जिले के स्वीकृत है और तैनाती 3,265 की है। लगभग 539 का बल रिक्त पड़ा हुआ है । भारी भरकम बल की कमी से जूझ रही पुलिस आम दिनों में जैसे-तैसे खींचतान कर काम चला लेती है, लेकिन जब भी कोई त्योहार आता है या किसी सफेदपोश या वीआईपी का दौर होता है तो ऐसे मूवमेंट में खाकी के हाथ-पांव फूल जाते हैं। पुलिस बल की किल्लत के कारण सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह हांफने न लगे इसलिए लाज बचाने के लिए बाहर से बाहरी की फोर्स मंगानी पड़ती है। सवाल यह उठ रहा है कि त्योहार हो या वीआईपी मूवमेंट, आखिर कब तक बाहरी फोर्स के भरोसे जिले की खाकी रहेगी? जबकि जिले की आबादी लगातार बढ़ रही है, अपराध का तरीका भी बदल रहा है, अपराधी संस्कारधानी को अपराधधानी बनाने पर तुले हुए है। ये बात किसी से छुपा नहीं है। ऐसे में रिक्त पदों को खाली रखने पर सवाल उठ रहे है। अगर जल्द ही इस कमी को दूर नहीं किया गया, तो जिले की कानून-व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। पहले से ही शहर में अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा हैं। दिन-ब-दिन स्थिति भयावक होती जा रही हैं। छोटी-छोटी बातों पर हत्याएं, चाकूबाजी, सरेराह लूटपाट और चोरियां हो रही है। महिलाएं, बालिकाएं सुरक्षित नहीं है इसके अलावा यातायात व्यवस्था भी बेपटरी है। शहर दिन-रात जाम से जूझता रहता है।



### सुरक्षा, यातायात संभालने फैलानी पड़ती है झोली

जिले में होली, दिवाली, ईद, मुहर्रम हो या किसी बड़े नेता का दौरा, जिला पुलिस के पास सुरक्षा देने की ताकत कम है। हर बार मुख्यालय के सामने झोली फैलाकर पड़ोसी जिलों या विशेष कंपनियां से बल की मदद मांगनी पड़ती हैं। जबकि बाहर से आने वाले जवानों को जिले के संवेदनशील इलाकों, गलियों और स्थानीय अपराधियों की कोई जानकारी नहीं होती है।

### राष्ट्रपति का दौरा, बुलाना पड़ा 1800 फोर्स, मुहर्रम में 200 का बल आया

कोई भी बड़ा त्योहार आता है या किसी वीवीआईपी मूवमेंट होता है तो पुलिस फोर्स बाहर से बुलाना पड़ता है। अभी हाल ही में बाहर से बुलाए गए फोर्स पर नजर दौड़ाई जाएं तो 20 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शहर आगमन हुआ था। रविवार 21 जून को राष्ट्रपति मुर्मू अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुई। इस दौरान दूसरे जिलों से 1800 का बल बुलाया गया था। जबकि 25 जून को मुहर्रम पर्व के चलते 200 का फोर्स बाहर से बुलाया गया था।

| पद | रिक्त | स्वीकृत | उपलब्ध |
|---|---|---|---|
| एएसपी | 0 | 05 | 07 |
| सीएसपी | 04 | 14 | 10 |
| टीआई | 0 | 55 | 55 |
| सब इंस्पेक्टर | 80 | 249 | 169 |
| एएसआई | 140 | 429 | 289 |
| आरक्षक | 300 | 22,94 | 1,993 |
| सूबेदार | 10 | 15 | 05 |
| हवलदार | 05 | 742 | 737 |
| कुल | 539 | 3,803 | 3,265 |

### लंबित प्रकरण बढ़ रहे, स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा असर

जिले में स्टाफ की कमी का पूरा खामियाजा थानों में तैनात जवानों को भुगतना पड़ रहा है। लगातार घंटों की ड्यूटी के कारण पुलिसकर्मी के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है वे मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं। इसके अलावा विवेचकों की कमी के कारण थानों में दर्ज केस पेंडिंग पड़े हैं। जांच अधिकारियों के पास दर्जनों केस लंबित होने से मामलों का निपटारा समय पर नहीं हो पा रहा है। कई मामलों में पीड़ित चक्कर काट-काटकर थक चुके हैं और लंबित प्रकरणों की संख्या लगातार बढ़ रही है। थानों में बल कम होने से रात की गश्त और अपराध नियंत्रण की गतिविधियों पर सीधा असर पड़ रहा है। रात की गश्त सिर्फ कागजों पर हो रही है। चोरों, लुटेरों और बदमाशों के हौसले भी बुलंद हैं। हालात यह हैं कि रूटीन गश्त से लेकर थानों के रोजमर्रा के कामकाज तक प्रभावित हो रहे हैं।



# मूलभूत सुविधाओं की कमी पर कांग्रेस का प्रशासन को अल्टीमेटम

**जन समस्याओं पर विचार विमर्श, सड़कों पर उतर आंदोलन की तैयार में कांग्रेस**

**नवभारत, जबलपुर।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं और नागरिक सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर आज वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पेयजल संकट, बारिश में जलभराव, बंद नालियां, खराब स्ट्रीट लाइटें और जर्जर सड़कों जैसी मूलभूत समस्याओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इन गंभीर मुद्दों से विधायक लखन घनघोरिया को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने कहा कि नगर निगम, संबंधित विभागों और प्रदेश सरकार की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### विधायक लखन घनघोरिया ने जनआंदोलन की दी चेतावनी

विधायक लखन घनघोरिया ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि नगर निगम और संबंधित अधिकारियों ने इन समस्याओं का स्थायी समाधान तुरंत नहीं किया, तो कांग्रेस पार्टी आमजन के हितों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरकर शांतिपूर्ण जनआंदोलन करने और नगर निगम का घेराव करने के लिए बाध्य होगी। बैठक में प्रशासन से बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराने और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की गई। अंत में कांग्रेस पार्टी ने प्रशासन को सचेत किया कि यदि विकास कार्यों में अपनाया जा रहा पक्षपातपूर्ण रवैया बंद नहीं हुआ, तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी नगर निगम और प्रदेश सरकार की होगी।

# चलती गाड़ी से 63,500 की सिगरेट लूटकर भागे बदमाश



**नवभारत, जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत खटीक मोहल्ला में एक व्यापारी के कर्मचारी का पीछा कर रहे बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में चलती गाड़ी से सिगरेट का 63,500 रूपये कीमती का बंडल उड़ा दिया। जब पीड़ित ने हिम्मत दिखाकर उन्हें पकड़ने की कोशिश की, तो बदमाश उसे जान से मारने की धमकी देते हुए अपने साथी के साथ एक्टिवा पर सवार होकर रफूचक्कर हो गए।

पुलिस ने बताया कि माढ़ोताल के ग्राम मंगेला निवासी राजेंद्र कुमार चक्रवर्ती (45) गलगला स्थित ऋषभ स्टोर में पिछले 15-20 साल से काम कर रहा हैं। राजेंद्र अपनी टीवीएस एक्सेल मोपेड पर सिगरेट के तीन भारी बंडल पीछे रस्सी से बांधकर विजयनगर स्थित रागी पान मसाला दुकान पर डिलीवरी देने निकले थे। राजेंद्र जैसे ही खटीक मोहल्ला पहुंचे, तभी पीछे से घात लगाकर आए एक शातिर बदमाश ने चलती मोपेड पर बंधे बंडलों की रस्सी खोल दी। आरोपी ने पलक झपकते ही 63,500 की कीमत का सिगरेट का एक पूरा बंडल निकाल लिया और भागने लगा। राजेंद्र ने तुरंत अपनी गाड़ी किनारे खड़ी की और चोर को पकड़ने के लिए पीछे दौड़े। खुद को घिरता देख बदमाश राजेंद्र को डराने-धमकाने लगा। वारदात को अंजाम देने के लिए बदमाशों ने पहले से पूरी प्लानिंग कर रखी थी। मुख्य आरोपी से कुछ ही दूरी पर उसका एक अन्य मददगार साथी एक्टिवा स्कूटर स्टार्ट करके खड़ा था। जैसे ही पहला आरोपी सिगरेट का बंडल लेकर राजेंद्र को धमकाते हुए पीछे हटा, वह तुरंत चालू एक्टिवा पर पीछे बैठा और दोनों पलक झपकते ही आंखों से ओझल हो गए। पुलिस ने राजेंद्र चक्रवर्ती की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब वारदात के रूट पर लगे सभी शासकीय और निजी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# एजीएम के सूने मकान में चोरों का धावा, नगद और चांदी के सिक्के चोरी

▶ **सीसीटीवी में कैद हुए दो नकाबपोश, मामला दर्ज**

**नवभारत, जबलपुर।** मदनमहल प्रेमनगर में शातिर चोरों ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में पदस्थ एजीएम के सूने मकान को अपना निशाना बनाया है। चोर सूने घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखी नकदी और पूजा के चांदी के सिक्के समेटकर रफूचक्कर हो गए। वारदात के समय अधिकारी की पत्नी बच्चों समेत मायके गई हुई थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी में कैद हुए नकाबपोश चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रेमनगर मदनमहल स्थित राजुल अपार्टमेंट निवासी महेंद्र



झारिया (45) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में एजीएम के पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग गोंदिया महाराष्ट्र स्थित ट्रेनिंग सेंटर में है। बीते दिनों उनकी पत्नी बच्चों को लेकर शास्त्रीनगर स्थित अपने मायके गई हुई थीं, जिसके कारण घर पर ताला लटका था। राजुल अपार्टमेंट सोसायटी के सदस्य सरदार हरशरण सिंह ने महेंद्र झारिया को फोन कर सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। चोरी की खबर मिलते ही एजीएम महेंद्र झारिया तुरंत छुट्टी लेकर जबलपुर पहुंचे। जब उन्होंने अपने घर के मुख्य द्वार पर देखा तो ताला टूटा हुआ था। घर के भीतर प्रवेश करने पर दोनों बेडरूम की अलमारियों का सामान पूरा बिखरा हुआ मिला। चोरों ने अलमारी की दराज को निशाना बनाते हुए उसमें रखे लगभग 40,000 नगद और पूजा के 3 चांदी के सिक्के पार कर दिए थे।

### ढाई घंटे तक अपार्टमेंट के अंदर रहे चोर

सोसायटी की पार्किंग में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। फुटेज में दो अज्ञात लड़के, जिनकी उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच है, अपना चेहरा छुपाकर रात के करीब 1:30 बजे अपार्टमेंट के अंदर घुसते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद वे वारदात को अंजाम देकर तड़के 4 बजे बाहर निकलते हुए कैद हुए हैं। चोरों ने बड़ी इत्मीनान से करीब ढाई घंटे के भीतर इस पूरी चोरी को अंजाम दिया।

### तुलसी नगर में सूने मकान से लाखों की चोरी

रांझी थाना अंतर्गत तुलसी नगर में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने बताया कि तुलसी नगर निवासी सोमनाथ कौरव (33) विजेंद्र सिंह रावत के मकान में ऊपरी मंजिल पर किराये से रहते हैं। वे बीते 3 जून को अपने परिवार के साथ नरसिंहपुर गए हुए थे। वहीं नीचे के हिस्से में रहने वाले रामराज पटेल भी बाहर थे। जब रामराज वापस लौटे तो नीचे का ताला सुरक्षित था। लेकिन जब वे पानी की टंकी देखने छत पर गए, तो सोमनाथ के कमरे का ताला टूटा मिला। उन्होंने तुरंत वीडियो कॉल कर सोमनाथ को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही सोमनाथ जब वापस लौटे तो कमरे के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने आलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे चांदी के 6 चूड़े, 2 जोड़ी पायल, 12 बिछिया और सोने का कीमती मंगलसूत्र व पेंडल चोरी कर लिया था।

## एक नजर में



### एसपी ने सर्प विशेषज्ञ का उत्साहवर्धन किया

**नवभारत, जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय द्वारा गोरखपुर थाने में आयोजित एक कार्यक्रम में सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। यह सम्मान उन्हें सांपों से मानव और मानव से सांपों की रक्षा के लिए दिन-रात सेवा देने पर दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक पंडित ब्रजेश दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक एम. डी. नागौतिया तथा गोरखपुर थाना प्रभारी सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### विवाद सुलझाने गए युवक पर जानलेवा हमला

**नवभारत, जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत ग्राम भर्दा खेरमाई के पास अपने भाई का बीच-बचाव करने पहुंचे युवक पर बदमाशों ने चाकू और डंडों से ताबड़तोड़ वार कर दिए। लहूलुहान हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम पड़रिया निवासी अनिकेत उर्फ अंकित कोरी (24) को रात लगभग 11:30 बजे सूचना मिली थी कि भर्दा खेरमाई के पास उसकी बुआ के लड़के शनि कोल पर करन कोल और उसके साथी ने चाकू से हमला कर दिया है। अंकित अपने भाई को बचाने और मामला शांत कराने वहां पहुंचा था। अंकित जैसे ही मौके पर पहुंचा, आरोपी करन कोल और उसका साथी पुरानी दुश्मनी को लेकर उस पर भड़क गए। अंकित पर चाकू से हमला कर दिया। इसी दौरान करन के साथी ने अंकित के सिर और पीठ पर डंडों से ताबड़तोड़ कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा।

### खड़े ट्रक को पीछे से दूसरे ट्रक ने मारी टक्कर

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत अंधमूक वायपास में खड़े ट्रक को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादस में कंडेक्टर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया । पुलिस के मुताबिक रोहित प्रजापति 28 वर्ष निवासी हनुमानगंज वार्ड कुरवाई जिला बिदिशा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ड्रायवरी करता है रविवार को वह ट्रक क्रमांक एमपी 09 डीके 3432 से भोपाल से जबलपुर आ रहा था भोपाल मार्ग बंद होने से खजरी खिरिया वायपास होते हुये नागपुर रोड हाईवे रोड होते हुये जा रहा था सुबह लगभग 4-30 बजे अंधमूक वायपास के पहले ओरियेंटल कॉलेज के सामने पहुंचा व कॉच साफ करने के लिये साईट में ट्रक रोका, उसका कंडेक्टर अयान खान कॉच साफकर रहा था तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक टीजी 29 टी 2584 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके ट्रक में दाहिने तरफटक्कर मार दिया जिससे उसका कंडेक्टर अयान खान जो ट्रक का सामने का कांच साफकर रहा था गिर गया जिससे सीना व पसली में चोट आयी एवं उसका ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया।

# विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन की बैठक में आंदोलन का आह्वान

**नवभारत, जबलपुर।** शक्ति भवन में 5 जुलाई को मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य संगठनकर्ता एम. एल. चौकसे ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बिजली कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति, उनके साथ किए जा रहे सौतेले व्यवहार, कैशलेस चिकित्सा सुविधा में उदासीनता और धारा 49(6) को समाप्त करने जैसे मुद्दों पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने आगामी समय में जबलपुर में प्रांतीय सम्मेलन आयोजित करने और अधिकारों के लिए



संघर्ष को तेज करते हुए आंदोलन करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान रविशंकर सक्सेना, विजय कुमार चौकसे, दिनेश चौधरी और अखिलेश तिवारी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन दिनेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर आर.एस. पटेल, लल्लू पटेल, अब्दुल रहमान, अजय पटेल और संजय एडवर्ड उपस्थित रहे।

### निर्माणाधीन मकान में चोरी

**जबलपुर।** लार्डगंज स्थित निर्माणाधीन मकान में चोर ने धावा बोलते हुए वायर पार कर दी। पुलिस के मुताबिक प्रदीप मंध्यानी 58 वर्ष निवासी वसुंधरा कालोनी चेरीताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पैकिंग मटेरियल का व्यापार करता है अपने निर्माणाधीन मकान प्लाट स्कीम नम्बर 41 पहुंचा और मकान के अंदर जाकर देखा कि भवन में बिजली फिटिंग की तांबे की इलेक्ट्रानिक वायर बाक्स से कटी हुयी थी और कुछ वायर वहां पर नहीं थे, उसने निर्माणाधीन मकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरे चैक किये तो एक अज्ञात व्यक्ति उसके मकान की पार्किंग वाले गेट से कूदकर घर के अंदर घुसकर निर्माणाधीन भवन में लगी सभी जगह कट प्वाईंटों की वायर काटकर बोरी में भरकर चोरी कर ले गया है।

# एनीमिया और कैंसर के शीघ्र निदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**नवभारत, जबलपुर।** होटल शॉन एलिज़े में वरिष्ठ रक्त एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष गुप्ता द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन 'जबलपुर हेमेटोलॉजी एवं ऑन्कोलॉजी अपडेट 2026' का सफल समापन हुआ। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य एनीमिया, सिकल सेल, थैलेसीमिया और ल्यूकेमिया जैसे तेजी से बढ़ते रक्त रोगों व रक्त कैंसर के शुरुआती निदान और आधुनिक उपचार पद्धतियों से चिकित्सकों को अवगत कराना था। आयोजक डॉ. आशीष गुप्ता ने बताया कि ऐसे वैज्ञानिक आयोजनों से डॉक्टरों को अंतरराष्ट्रीय उपचार पद्धतियों की जानकारी मिलती है, जिससे



मरीजों को समय पर बेहतर इलाज का सीधा लाभ मिलेगा।

**जबलपुर में जुटे देशभर के नामी डॉक्टर-** दो दिवसीय आयोजन के दौरान मुंबई के डॉ. एम. बी. अग्रवाल व डॉ. सुमित गुजराल, नई दिल्ली के डॉ. दिनेश भुरानी और बेंगलुरु के डॉ. शरत दामोदर सहित देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और नवीन अनुसंधानों पर व्याख्यान दिए। इसके साथ ही पैथोलॉजी विशेषज्ञों व विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें आईएमए, एपीआई, जॉग्स, आईएपी और आईडीए जैसी प्रमुख चिकित्सा संस्थाओं सहित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों व करीब 200 किलोमीटर दायरे के चिकित्सकों ने भाग लिया।

# एमपी एसएलडीसी को मिला अंतरराष्ट्रीय आईएसओ प्रमाणन

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के जबलपुर स्थित राज्य भार प्रेषण केंद्र (एसएलडीसी) को सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ/आईईसी 27001 :2022 अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन प्राप्त हुआ है। देश के बड़े राज्य भार प्रेषण केंद्रों में यह प्रमाणन प्राप्त करने वाला



मध्यप्रदेश एसएलडीसी, जबलपुर अग्रणी सेंटर है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि दिल्ली की संस्था क्वालिटी एशिया सर्टिफिकेशन द्वारा विस्तृत मूल्यांकन और ऑडिट के बाद यह प्रमाणन दिया गया है। मूल्यांकन में यहाँ की सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को इसकी सभी आवश्यकताओं के अनुरूप पाया गया, जिससे पावर सेक्टर में प्रदेश की प्रतिष्ठा और एमपी ट्रांसको की राष्ट्रीय पहचान बढ़ी है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आगे बताया कि वर्तमान में विद्युत ग्रिड संचालन पूरी तरह डिजिटल प्रणालियों और संचार नेटवर्क पर निर्भर है। ऐसे में सूचना सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और आंकड़ों की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं को परखने के बाद यह प्रमाणन जारी किया गया है।

### स्वास्थ्य शिविर में 140 लोगों को मिला मुफ्त इलाज

**नवभारत, जबलपुर।** एमआर 4 रोड स्थित केयर हॉस्पिटल द्वारा रविवार, 05 जुलाई को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डे एवं पार्षद सोनिया रंजीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में लगभग 140 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण और विशेषज्ञ परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. दिगंत पाठक, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक कुमार सिंह, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आर. एस. शर्मा, जनरल फिजिशियन डॉ. राहुल अग्रवाल, छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल असाटी व शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा असाटी ने मरीजों की जांच कर चिकित्सकीय सलाह दी।



# कॉम्बिंग गश्त : 251 वारंटी पकड़ाए

**नवभारत, जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त की। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कई वर्षों से फरार 127 गैर म्यादी वारिटयों एवं 86 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 38 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कॉम्बिग गश्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

परेशानी ▶ यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से बनाए गए ये कट अब अनियोजित और असुरक्षित

# जानलेवा साबित हो रहे डिवाइडर के खुले कट

**जबलपुर, नवभारत।** शहर के कलेक्ट्रेट मार्ग, रसल चौक, करमचंद मार्ग और मदन महल इलाके की प्रमुख सड़कों पर बने डिवाइडरों के खुले कट अब आम नागरिकों के लिए बड़ी मुसीबत बनते जा रहे हैं। यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से बनाए गए ये कट अब अनियोजित और असुरक्षित होने के कारण दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। कई स्थानों पर बिना किसी चेतावनी संकेत, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर या पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के खुले कट छोड़ दिए गए हैं, जिससे वाहन चालक अचानक मुड़ने वाले वाहनों का अंदाजा नहीं लगा पाते



और हादसे हो जाते हैं। वही रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। अपर्याप्त रोशनी के कारण दोपहिया वाहन चालक अक्सर खुले कट का सही अनुमान नहीं लगा पाते, जबकि तेज रफ्तार वाहन अचानक यू-टर्न लेने वाले वाहनों से टकरा जाते हैं। कई स्थानों पर इन कटों के आसपास अवैध पार्किंग और अतिक्रमण भी बना रहता है, जिससे दृश्यता प्रभावित होती है और दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

### लगाए जाए ब्लिंकर्स

पॉश इलाकों से रोज आवागमन करने वाले राहगीरो का कहना है कि मदन महल, रसल चौक जैसे स्थानों पर पहले भी कई सड़क हादसे हो चुके हैं, लेकिन संबंधित विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। वही विशेषज्ञों का मानना है कि हर डिवाइडर कट की उपयोगिता का पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए। जिन कट की आवश्यकता नहीं है, उन्हें स्थायी रूप से बंद किया जाए और आवश्यक कटों पर उचित संकेतक, रिफ्लेक्टर, ब्लिंकिंग लाइट, दिशा सूचक बोर्ड तथा स्पीड कंट्रोल की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा सड़क सुरक्षा के मानकों के अनुसार नियमित निरीक्षण भी जरूरी है।

### उठाए जाए उचित कदम

शहरवासियों का कहना है कि सड़कों का निर्माण केवल सुविधाएं देने के लिए नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी किया जाता है। यदि समय रहते इन खुले और असुरक्षित डिवाइडर कटों को व्यवस्थित नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं। नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि दुर्घटना संभावित सभी डिवाइडर कट का तत्काल सर्वे कराया जाए।